# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**अतारांकित प्रश्न**

## 21 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

**विकसित भारत संकल्प यात्रा पर कुल खर्च**

1 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि -

क) जिला पंचकुला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनता से प्राप्त हुई शिकायतों की संख्या कितनी है तथा कितनी शिकायतों का समाधान किया गया;

ख) जिला पंचकुला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों पर खर्च हुई कुल राशि कितनी है तथा किसके द्वारा खर्च वहन किया गया है; तथा

ग) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त यात्रा के कार्यक्रमों में केवल भाजपा से संबंधित लोगों को ही मुख्य अतिथि बनाया गया था ?

----

## जिला परिषद सदस्यों को सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराना

2 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका)ः**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला परिषद के सदस्यों को सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो जिला परिषद के सदस्यों को सुरक्षा गार्ड कब तक उपलब्ध कराये जाने की संभावना है?

----

## विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्य

3 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के लिए स्वीकृत विकास कार्यों में से कुल कितने कार्यों के लिए निविदाएं आमन्त्रित की गई तथा कितने कार्य पूरे किए गए तथा अधूरे कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## सड़कों का निर्माण करना

4 **श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित सड़कों के निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही हैः-

i) आर.एम.सी. सड़क सेक्टर-48;

ii) आर.एम.सी. सड़क गांव बड़खल;

iii) इंटर लॉकिंग टाइल्स रोड गांव बडख़ल;

iv) इंटर लॉकिंग टाइल्स रोड ग्राम अनखीर;

v) सेक्टर-21 सी की आर.एम.सी. सड़कें ; तथा

ख) यदि हां, तो इन सड़कों का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है?

----

## अमरुत योजना के अंतर्गत सीवरेज लाइन

5 **श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या निम्नलिखित क्षेत्रों में अमरुत योजना के अंतर्गत सीवरेज लाइन का कार्य क्रियाशील कर दिया गया है:-

1) गांव बड़खल;

ii) गांव अनखीर;

iii) एस.जी.एम. सिटी पी ब्लॉक;

iv) एस.जी.एम. सिटी एफ और जी ब्लॉक;

v) गांव भांकरी;

vi) गांव नवादा ; तथा

ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं तथा इसके कब तक क्रियाशील होने की संभावना है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत नौकरियों की संख्या

6 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) उन व्यक्तियों की पद-वार संख्या कितनी है जिन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत नौकरी दी गई;

(ख)क्या किसी श्रेणी के लिए कोई कोटा रखा गया है; यदि हां, तो उसका श्रेणी वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उसके लाभों का श्रेणी वार ब्यौरा क्या है ?

----

## एच.आर.डी.एफ. के अंतर्गत लंबित कार्य पूरा करना

7 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के लिए एच.आर.डी.एफ. सी.एम. कोड 25284 के अंतर्गत सरकार द्वारा घोषित कार्यों की संख्या कितनी है तथा उनके लिए जारी राशि का कार्य वार ब्यौरा क्या है तथा पूरे किए गए कार्यों की संख्या कितनी है;

(ख) अब तक लंबित पड़े कार्यो की संख्या कितनी है तथा उसके कारण क्या हैं;

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) लंबित कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक केंद्रीय विद्यालय खोलना

8 **चौ. आफताब अहमद (नूंह)ः**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या नूहं के गांव सालाहेड़ी में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

## सेम की समस्या का समाधान करना

9 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि सिंचाई विभाग द्वारा जिला नूहं के गांवों अर्थात् : सतपुतियका, हुसैनपुर, रायपुरी तथा बाबूपुर इत्यादि की हजारों एकड़ भूमि सेम प्रभावित घोषित की गई है;

ख) यदि हां, तो उपरोक्त सेम प्रभावित गांवों की समस्या के समाधान के लिए कार्यों को कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त कार्यों के लिए परियोजना की स्वीकृति के बाद भी कार्य को आरम्भ नहीं किया गया है तथा इसके कारण क्या हैं?

----

## सड़कों की वर्तमान स्थिति

10 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क)क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए रूपये 25 करोड़ की राशि की घोषणा की गई है; यदि हां, तो सड़कों की संख्या कितनी है जिनका निर्माण कार्य उक्त राशि से पूरा किया गया है तथा उन सड़कों की संख्या कितनी है जिन पर कार्य चल रहा है तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) रोहतक शहर में निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है:-

(i) ड्रेन नजदीक नए बस स्टैंड;

(ii)अम्बेडकर चौंक से पुराना बस स्टैंड की ऐलीवेटिड रोड;

(iii)एमडीयू गेट संख्या 2 से अम्बेडकर चौंक तक की सड़क;

(iv) वीटा चौंक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक की सड़क; तथा

(ग) उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

----

**अमरुत-1 योजना के अंतर्गत परियोजना के लिए कुल बजट**

11 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) सरकार द्वारा रोहतक में अमरुत-1 योजना के अंतर्गत प्रत्येक विशेष परियोजना के लिए पृथक पृथक कितना बजट स्वीकृत किया गया है तथा उनमें से पूर्ण हुई परियोजनाओं की संख्या कितनी है तथा कितनी परियोजनाएं लंबित पड़ी है तथा कितनी परियोजनाओं को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सौंप दिया गया है तथा उनका ब्यौरा क्या है;

ख) उक्त योजना के अंतर्गत बिछाई गई सीवरेज पाइपलाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन की कुल लंबाई (मीटर में) कितनी है; तथा कितनी सड़कों का निर्माण किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) उक्त योजना के अंतर्गत चालू स्थिति में सीवरेज पाइपलाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन की संख्या कितनी है?

----

**कॉलोनियों को नियमित करने के लिए अपनाए गए मानदंड**

12 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) राज्य में जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक कितनी अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया गया है तथा उनका जिलेवार ब्यौरा क्या है;

ख) अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए अपनाए गए मानदंड क्या है;

ग) क्या मौजा गौच्छि, फरीदाबाद के खसरा नं. 35//19/2, 20/2, 21, 40/1, 10, 11/2, 15/2, 16, 17, 20/1, 21, 22, 23, 35//21, 22/1/1, 53//1, 2, 3/1, 3/2 का रकबा पास किया है या नहीं; यदि नहीं, तो उक्त क्षेत्र के पास न होने के कारण क्या हैं तथा उक्त क्षेत्र को कब तक पास किये जाने की संभावना है ?

----

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या**

13 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) राज्य में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या कितनी है जोकि 2 एकड़ से अधिक भूमि पर स्थित है

तथा इनका जिलावार ब्यौरा क्या है;

ख) क्या ऐसे सभी विद्यालयों के पास व्यवसाय प्रमाण पत्र / स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट / नीट एण्ड क्लीन सर्टिफिकेट / फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र हैं तथा उक्त सर्टिफिकेट प्राप्त ऐसे विद्यालयों की सूची क्या है; तथा

ग) ऐसे विद्यालयों जोकि 2 एकड़ से अधिक भूमि पर स्थित है तथा जिनके पास उपरोक्त वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र नहीं है, के विरुद्ध विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई या की जा रही है तथा उनका जिलेवार ब्यौरा क्या है?

----

## सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों की संख्या

14 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों की संख्या कितनी है जिनमें आयुष्मान भारत तथा केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत मरीजों का इलाज हुआ तथा उसका जिलेवार ब्यौरा क्या है ;

ख) ऐसे अस्पतालों की संख्या कितनी है जिनके पास व्यवसाय प्रमाण पत्र/संरचना प्रमाण पत्र/ नीट एन्ड क्लीन प्रमाण पत्र/ फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा पार्किंग व्यवस्था है तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

ग) ऐसे अस्पतालों की संख्या कितनी है जिनके पास उपरोक्त प्रमाण पत्र तथा पार्किंग व्यवस्था नहीं है तथा उसका जिलेवार ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है या की जा रही है?

----

## पुलों के  निम्न स्तर की समस्या का समाधान करना

15 **श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या मुख्यमन्त्री  कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि इंदिरा गांधी ड्रेन नंबर 8 पर कई बहुत पुराने पुल हैं जोकि नए पुलों की तुलना में बहुत निचले स्तर पर हैं और पिछले साल बरसात के मौसम में ड्रेन का पानी इन पुलों को पार नहीं कर सका तथा कई गांवों में जल भराव हो गया जिसके परिणाम स्वरूप किसानों की फसलें भी क्षतिग्रस्त हो गई थी; तथा

ख) यदि हां,  तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

16 **श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि खेत खलियान योजना के अंतर्गत खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करने की सरकार की एक योजना है; तथा

ख) यदि हां, तो  मेरे द्वारा अनुशंसित कच्चे रास्तों को सरकार द्वारा अब तक पक्का न करने के क्या कारण हैं ?

----

## मार्ग का निर्माण करना

17 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क)क्या यह तथ्य है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, करनाल के सेक्टर 9 में जी. टी. रोड़ पर 110 मीटर तक लंबी तथा 9 मीटर तक चौड़ी सर्विस लेन का सीधा मार्ग उपलब्ध कराने के लिए ग्रीन बेल्ट के क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले पेड़ों को काटने की मंजूरी विभाग द्वारा ली गई है ;यदि हां तो, विभागीय स्वीकृति कब ली गई तथा कितनी संख्या में पेड़ काटे गए हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है;

ख) उस व्यक्ति का नाम जिसने उपरोक्त रूट पर सीधे मार्ग का निर्माण करने की योजना बनाने की पहल की तथा इसका ब्यौरा क्या है ;तथा

ग) उपरोक्त रूट पर एक सीधा मार्ग निर्मित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की समय अवधि क्या है तथा क्या उक्त कार्य के लिए कितनी अनुमानित लागत की व्यवस्था की गई है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## रिक्त पदों को भरना

18 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में 2019 तथा 2024 में चिकित्सकों, नर्सों, तकनीशियन, लैब तकनीशियन, फीमेल हेल्थ वर्कर, मेल हेल्थ वर्कर, फार्मासिस्ट, लिपिक वर्ग, सहायक कर्मचारी की स्वीकृत संख्या तथा उपलब्धता कितनी है; तथा

ख) उपरोक्त रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है ?

----

## इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टरों की संख्या

19 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टरों, आई.टी. पार्कों, इन्क्यूबेशन सेंटरों, मेगा रीसाइक्लिंग प्लांटों, फ्लैटेड फैक्ट्रियों, श्रमिक आवास कॉलोनियों की जिलेवार तथा वर्षवार संख्या क्या है?

----

## सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम इकाइयों की संख्या

20 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम तथा इन इकाइयों द्वारा सृजित रोजगारों के लिए निर्धारित लक्ष्य क्या है तथा 2019 एवं 2024 में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम इकाइयों की रोजगार सृजन-वार संख्या कितनी है ?

----

## पार्क सह व्यायामशालाओं तथा ई-पुस्तकालयों की कुल संख्या

21 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) राज्य में वर्ष 2022 -2023 तथा 2023-2024 में निर्मित पार्क सह व्यायामशालाओं तथा ई पुस्तकालयों की कुल संख्या कितनी है; तथा

ख) राज्य में पार्क सह व्यायामशालाओं तथा ई-पुस्तकालयों का जिलावार तथा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ?

----

## सिंथेटिक ट्रैक का कार्य पूरा करना

22 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएगें किः-

क) जींद शहर के एकलव्य स्टेडियम में प्रस्तावित सिंथेटिक ट्रैक का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

ख) प्रस्तावित सिंथेटिक ट्रैक के लिए प्रशासनिक स्वीकृति कब दी गई थी तथा इन सिंथेटिक ट्रैक का कार्य अब तक आरम्भ न करने के कारण क्या हैं; तथा

ग) तकनीकी स्वीकृति में जान बुझकर देरी करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई है ?

----

## पार्कों का लंबित कार्य पूरा करना

23 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत चौधरी बंसी लाल पार्क और चौधरी सुरेंद्र सिंह पार्क के सिविल/निर्माण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

ख) रोहतक सड़क पर ए.टी.पी. का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

## नगर दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत कार्यों की संख्या

24 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) नगर निगम, भिवानी में नगर दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत कार्यों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) नगर निगम, भिवानी में नगर दर्शन पोर्टल पर पूर्ण हुए कार्यों की संख्या तथा लंबित पड़े कार्यों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

25 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां ,तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## मोहना को खंड तथा उप-तहसील के रूप में घोषित करना

26 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र का मोहना गांव, गोहाना शहर तथा सोनीपत शहर के बीच स्थित है; तथा

ख) क्या गांव मोहना को खंड तथा उप-तहसील के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक घोषित किए जाने की संभावना है?

----

**डी-प्लान का बजट**

27 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली)**ः

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) जिला सिरसा में डी-प्लान की अंतिम बैठक कब आयोजित की गई थी तथा उक्त बैठक में पारित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

ख) वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में सिरसा जिले में डी-प्लान का कितना बजट स्वीकृत हुआ तथा उक्त बजट की कितनी राशि बकाया है तथा इससे खर्च की गई राशि कितनी है; तथा

ग) वित्तीय वर्ष 2023-24 के डी-प्लान बजट के माध्यम से जिला सिरसा में निष्पादित किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड भर्ती का ब्यौरा

28 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) अप्रैल 2023 से मई 2023 तक हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से सरकार द्वारा जारी डिप्लोएमेंट ऑफ़र लेटर की संख्या कितनी है;

ख) उपरोक्त वर्णित पत्रों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है तथा उनका ब्यौरा क्या है जिनका कार्यग्रहण अब तक लम्बित है तथा इसके कारण क्या हैं; तथा

ग) उपरोक्त भाग (ख )में वर्णित कार्यभार के कब तक ग्रहण किए जाने की संभावना है?

----

## हाड्डा रोड़ी को बंद करना

29 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) गौशालाओं में हाड्डा रोड़ी को बंद करने, गौवंश के लिए गौचरान भूमि उपलब्ध करवाने तथा खुले में घूम रहे बेसहारा गौवंश के कल्याण के लिए अब तक सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; तथा

ख) इस संबंध में सरकार द्वारा बनाई गई कार्य योजना क्या है?

----

## बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना

30 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या चुनाव से पहले सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से ग्रुप सी तथा ग्रुप डी के क्रमशः 32000 तथा 13500 विज्ञापित पदों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ख) उन बेरोजगार युवाओं की संख्या कितनी है जिन्हें सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से अब तक रोजगार मिला है; तथा

ग) क्या राज्य में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## रेलवे क्रॉसिंग को दोबारा खोलना

31 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली)**:

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बुर्जी संख्या 448682 की भाखड़ा मुख्य ब्रांच पर डबवाली-संगरिया रेलवे लाइन के बगल में सर्विस रोड पर रेलवे क्रॉसिंग नंबर 42 (बिंडग खेड़ा सेक्शन किलोमीटर 50- 0 to 50 – 1) को दोबारा खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके दोबारा कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## पुलों की मरम्मत करना

32 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर तथा सरहिंद फीडरों पर बांधों की तत्काल मरम्मत/ पुनर्निर्माण के लिए राजस्थान सरकार के समन्वय से सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए, जिनकी क्षतिग्रस्त अवस्था होने के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है; तथा

(ख) क्या निम्नलिखित पुलों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-

(i) मंडी डबवाली से संगरिया सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);

(ii) गांव गंगा से अबूबशहर सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);

(iii) गांव गंगा से चौटाला सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);

(iv) गांव सकता खेड़ा से लोहगढ़ सड़क पर (क्रॉसिंग सरहिंद लिंक चैनल); तथा

(v) गांव सकता खेड़ा से लोहगढ़ सड़क पर (क्रॉसिंग सरहिंद फीडर)?

----

## डॉक्टरों की नियुक्ति करना

33 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुकंद लाल जिला नागरिक अस्पताल के नवनिर्मित 200 बिस्तरों वाले भवन के सुचारू संचालन के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर (एम.डी मेडिसिन, एम.डी मनोचिकित्सा, एम.डी त्वचा विज्ञान) उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि यमुनानगर में दिव्यांगजन को विकलांगता चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए एम.डी मेडिसिन और एम.डी मनोचिकित्सा डॉक्टर भी बहुत आवश्यक है अन्यथा, उक्त को चिकित्सा परीक्षण के लिए अन्य जिलों में रेफर करना पड़ता है, जिससे उन्हें बड़ी कठिनाई होती है; यदि हां, तो यहां पर उपरोक्त डॉक्टरों को कब तक उपलब्ध करा दिए जाने की संभावना है?

----

## डॉक्टरों की पदोन्नति के लिए नीति बनाना

34 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि स्वास्थ्य विभाग में एक चिकित्सा अधिकारी को लगभग 20 वर्षों की लंबी अवधि के बाद एस.एम.ओ के अगले स्तर पर उनको पहली पदोन्नति मिलती है, जिसके परिणामस्वरुप बिना पहली पदोन्नति लिए उनमें से कई पहले ही सेवानिवृत हो जाते हैं, तथा राज्य में चिकित्सा अधिकारियों के लिए समयबद् पदोन्नति की कोई व्यवस्था नहीं है; यदि हां, तो क्या उनके लिए पदोन्नति चैनल की लंबी अवधि को कम करने के लिए कोई नीति बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि प्रगति रुद्धता से बचा जा सके ; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विश्राम गृह का निर्माण करना

35 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली तथा कनीना शहर में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) के विश्रामगृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ऑडिटोरियम का निर्माण करना

36 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उच्चत्तर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राजकीय महाविद्यालय, कनीना में एक ऑडिटोरियम का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## डॉक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ के स्वीकृत पदों की संख्या

37 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर अस्पताल, सीएचसी मातनहेल, सीएचसी जांडपुर, पीएचसी बाहु, पीएचसी बिरोहड़, साल्हावास तथा छुछकवास में डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा तैनात डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ तथा उनमें रिक्तियों की संख्या कितनी है?

----

## गंदगी तथा कूड़े के ढेर की समस्या का समाधान करना

38 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में जगह-जगह गंदगी तथा कूड़े के ढेर लगे हुए है तथा आवारा और बेसहारा पशु जैव अपशिष्ट (बायो-वेस्ट) खा रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो झज्जर शहर की स्वच्छता के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे

हैं?

----

**संस्थान का निर्माण कार्य आरंभ करना**

39 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मुख्यमंत्री की घोषणा क्रमांक 20401, दिनांक 14-10-2017 के अंतर्गत, दादरी जिले में शारीरिक रूप से दिव्यांग, मंदबुद्धि, दृष्टिहीन एवं मूकबधिर बच्चों को जीवन यापन के प्रशिक्षण के लिए संस्थान का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

**कृषि विज्ञान केंद्र आरंभ करना**

40 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले में स्थापित किए जाने वाले कृषि विज्ञान केंद्र, दादरी जिले में कब

तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 21 फ़रवरी, 2024.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**